RAJHIN/2014/55262

sancharjagat.com

खबरों व विज्ञापन
के लिए सम्पर्क करें
संचार जगत
मो.नम्बरः- +917357161599

संचार जगत

दैनिक समाचार पत्र

sancharjagat.com | editorial@sancharjagat.com

'सोच को इतना बड़ा रखो कि असफलता भी एक छोटा कदम लगे। सफलता कोई मंजिल नहीं, यह एक दिशा है। बड़ा सोचो, बड़ा करो।'

वर्षः 13 | अंकः 269 | जयपुर, गुरूवार, 29 अक्टूबर , 2026 | मूल्यः 2.00 रूपए | पृष्ठः 4

देवास के चंदाना-बिंजाना शराब कांड का खुलासा

मास्टरमाइंड ने एआई से सीखा था जहरीली शराब बनाने का फॉर्मूला

देवास पुलिस ने दवा बाजार और लोहा मंडी के केमिकल गोदाम सील, इंदौर से सप्लाई हुआ था मौत का केमिकल

नई दिल्ली/संचार जगत

देवास जिले के चंदाना-बिंजाना में जहरीली शराब से हुई मौतों की जांच की आंच इंदौर तक पहुंच गई है। मामले में गिरफ्तार 10 आरोपियों से पूछताछ के बाद देवास की सिटी कोतवाली पुलिस ने मंगलवार रात इंदौर में कार्रवाई करते हुए दो केमिकल गोदाम सील कर दिए। जांच में खुलासा हुआ है कि जहरीली शराब बनाने के लिए इस्तेमाल किया गया घातक केमिकल इंदौर के दवा बाजार और न्यू लोहा मंडी से खरीदा गया था। इसी केमिकल में पानी मिलाकर शराब तैयार की गई और बेची गई थी।




कबाड़ियों से लाइसेंसी शराब की खाली बोतलें हासिल कीं

पुलिस का कहना है कि अजय राठौर ने कबाड़ियों से लाइसेंसी शराब की खाली बोतलें हासिल कीं। इसके बाद रसायन और पानी मिलाकर नकली शराब तैयार की गई। इस काम में दूसरे आरोपियों ने भी उसकी मदद की। जांच में सामने आया है कि नकली शराब को असली शराब में मिलाकर बेचा गया। आरोपियों ने 6 से 12 अक्टूबर के बीच स्थानीय लोगों को यह मिलावटी शराब बेची थी। पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि कितनी शराब तैयार की गई और किन-किन इलाकों में इसकी सप्लाई हुई। इस मामले में केवल नकली शराब बनाने और बेचने वाले ही नहीं, बल्कि लाइसेंसी शराब दुकानों से जुड़े कुछ कर्मचारी भी पुलिस की जांच के दायरे में हैं। थाना प्रभारी के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपियों में देवास और इंदौर जिलों की तीन लाइसेंसी शराब दुकानों के दो प्रबंधक और दो सेल्समैन शामिल हैं। इन पर अजय राठौर और अन्य आरोपियों को असली शराब की अवैध आपूर्ति करने का आरोप है। मामले में शराब दुकानों के दो अन्य कर्मचारियों की भूमिका भी सामने आई है और पुलिस उनकी तलाश कर रही है।



रामेश्वर (आरोपी)



अजय (आरोपी)

रात 10 बजे देवास पुलिस की दबिश, राइजिंग ब्रदर्स के ठिकानों पर ताला

देवास पुलिस की टीम ने मंगलवार रात करीब 10 बजे इंदौर पहुंचकर एक साथ दो ठिकानों पर कार्रवाई की। पुलिस ने न्यू लोहा मंडी स्थित महावीर मार्केट के गोदाम और दवा बाजार की चौथी मंजिल स्थित कार्यालय व गोदाम को सील कर दिया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, इस पूरे नेटवर्क में इंदौर की राइजिंग ब्रदर्स फर्म की भूमिका सामने आई है। टीआई शशिकांत चौरसिया (सिटी कोतवाली, देवास) के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि जहरीली शराब में इस्तेमाल केमिकल इंदौर की इन दोनों गोदामों से सप्लाई किया गया था। दोनों गोदामों को सील कर केमिकल के सैंपल जांच के लिए भेजे जा रहे हैं। केमिकल सप्लाई के इस नेटवर्क में शामिल अन्य लोगों को भी आरोपी बनाया जाएगा। जांच में सबसे चौंकाने वाला तथ्य यह सामने आया है कि 24 वर्षीय मुख्य आरोपी अजय ने जहरीली शराब तैयार करने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद ली थी। आरोपी ने सितंबर माह में इंटरनेट और एआई टूल्स के जरिए शराब बनाने की प्रक्रिया की जानकारी जुटाई। इसके बाद कथित तौर पर 2 अक्टूबर (गांधी जयंती) से इस केमिकल युक्त जहरीली शराब की अवैध सप्लाई शुरू कर दी गई। पुलिस अब साइबर एक्सपर्ट्स की मदद से आरोपी के डिजिटल रिकॉर्ड और सर्च हिस्ट्री की जांच कर रही है

कांग्रेस नेता के बेटे से पूछताछ, हिरासत में लिया

देवास पुलिस ने इस मामले में इंदौर के वरिष्ठ कांग्रेस नेता आनंद कासलीवाल के पुत्र अमन कासलीवाल निवासी मिलन ग्रीन, कनाड़िया इंदौर को पूछताछ के लिए तलब किया और उनके बयान दर्ज किए। इस बात की टीआई सिटी कोतवाली शशीकांत चौरसिया ने पुष्टि की है। उनका कहना है कि शराब के इस जानलेवा सिंडिकेट से जुड़े 10 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं, अमन कासलीवाल को बुधवार को गिरफ्तार होने की बात भी पुलिस ने कही है। पकड़े गए आरोपियों में गांव-गांव अवैध सप्लाई करने वालों से लेकर अधिकृत लाइसेंसी वाइन शॉप के मैनेजर व सेल्समैन तक शामिल हैं। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रकरण में आबकारी अधिनियम की धारा 49(क) (जहरीली शराब से मृत्यु संबंधी गैर-जमानती धारा) का इजाफा कर दिया है। पुलिस ने इस मामले में कासलीवाल के गोदाम और ऑफिस को सील कर दिया है।

इस बढ़ोतरी पर करीब 10,016 करोड़ होंगे खर्च

दिवाली गिफ्ट: केंद्रीय कर्मियों के डीए में हुई 3% की बढ़ोतरी

48 लाख केंद्रीय कर्मचारियों और 68 लाख पेंशनर्स को होगा इसका फायदा, महंगाई भत्ते में कुल 63 फीसदी हुई बढ़ोतरी

नई दिल्ली/संचार जगत

केंद्रीय कर्मचारी और पेंशनर्स का महंगाई भत्ते (डीए) व महंगाई राहत (डीआर) को लेकर इंतजार खत्म हो गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय कैबिनेट ने बुधवार को डीए और डीआर में 3 फीसदी की बढ़ोतरी को मंजूरी दे दी है। ऐसे में केंद्रीय कर्मचारियों और पेंशनर्स को सरकार की ओर से दिवाली से पहले ही बड़ा गिफ्ट मिल गया है।



देश के 48 लाख केंद्रीय कर्मचारियों और 68 लाख पेंशनर्स को इसका फायदा मिलेगा। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इसकी जानकारी दी। डीए में 3 फीसदी बढ़ोतरी के साथ अब यह 60 फीसदी से बढ़कर 63 फीसदी हो गया है। सरकार ने डीए और डीआर में बढ़ोतरी के लिए 7वें वेतन आयोग की सिफारिशों के आधार पर तय फॉर्मूले को अपनाया है। इस बढ़ोतरी पर करीब 10,016 करोड़ रुपये खर्च होंगे। डीए और डीआर की बढ़ी हुई दर 1 जुलाई 2026 से लागू होगी। ऐसे में कर्मचारियों को जुलाई से अक्टूबर तक के एरियर का भुगतान मिलेगा। अगर किसी कर्मचारी की बेसिक 18,000 रुपये है तो उसे 60 प्रतिशत के हिसाब से 10,800 रुपये महंगाई भत्ता (डीए) मिल रहा था। अब यह बढ़कर 11,340 रुपये हो जाएगा। अगर किसी पेंशनर की बेसिक 9000 रुपये है तो उसे 60 फीसदी के हिसाब से अब तक 5400 रुपये महंगाई राहत (डीआर) मिलता था।

कर्मचारियों की सैलरी कितनी बढ़ेगी

अगर किसी कर्मचारी की मिनिमम बेसिक सैलरी 18,000 रुपए है, तो उन्हें की बढ़ोतरी के हिसाब से हर महीने 540 का इजाफा होगा। किसी वरिष्ठ अधिकारी की बेसिक सैलरी 56,100 रुपए है, तो उनकी मासिक सैलरी में लगभग 1,683 रुपए की सीधी बढ़ोतरी होगी। चूंकि यह फैसला जुलाई से प्रभावी है, इसलिए कर्मचारियों को जुलाई, अगस्त और सितंबर महीने का बकाया भी आगामी सैलरी के साथ दिया जाएगा। केंद्र सरकार हर साल कर्मचारियों और पेंशनर्स के लिए डीए और डीआर में दो बार संशोधन करती है। पहला संशोधन आमतौर पर जनवरी से और दूसरा जुलाई से प्रभावी होता है। सरकार ऑल इंडिया कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स के आंकड़ों के आधार पर महंगाई का आकलन करती है और उसी अनुपात में भत्ते बढ़ाने का निर्णय लेती है। डीए सरकारी कर्मचारियों के रहन-सहन के खर्च को संतुलित करने के लिए दिया जाने वाला अलाउंस है। यह कर्मचारी की बेसिक सैलरी के प्रतिशत के रूप में तय होता है। वहीं, डीआर रिटायर्ड कर्मचारियों यानी पेंशनर्स को उनकी बेसिक पेंशन पर दिया जाता है।

सीएम शर्मा ने कांग्रेस पर कसे तंज

कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पर साधा निशाना

संचार जगत



जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने विवादित टिप्पणी को लेकर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष पर निशाना साधा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पिता के संबंध में की गई टिप्पणी की निंदा करते हुए उन्होंने कहा कि राजनीति में इस तरह की भाषा का कोई स्थान नहीं है। दिवंगत माता-पिता के बारे में इस प्रकार की टिप्पणी करना अनुचित है। कांग्रेस को अपनी राजनीतिक मर्यादा का ध्यान रखना चाहिए। कांग्रेस पर तंज कसते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि चुनावों में हर बार मिल रही हार के कारणों पर कांग्रेस को आत्ममंथन करना चाहिए। कमियों को दूर करने की जिम्मेदारी संगठन की होती है, कोई दूसरा उन्हें दूर नहीं कर सकता। कांग्रेस को बहानेबाजी छोड़कर जनता के बीच विश्वसनीयता स्थापित करने पर ध्यान देना चाहिए। केवल आरोप लगाने और अनर्गल बयानबाजी करने से जनता का विश्वास हासिल नहीं किया जा सकता। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस चुनावों में हार का सामना करने पर कभी ईवीएम तो कभी एसआईआर जैसे मुद्दों को लेकर सवाल उठाती है। उसे ऐसे बहाने बनाने के बजाय जनता के बीच जाकर काम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जनता अफवाहों और तुष्टीकरण की राजनीति जानती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व, राज्य सरकार के विकास कार्यों और भाजपा कार्यकर्ताओं की सतत जनसेवा के आधार पर पार्टी पंचायती राज चुनावों में राजस्थान में बड़े बहुमत के साथ जीत हासिल करेगी।

पीएम ने एमएलसी चुनाव नतीजों पर कांग्रेस पर कसा तंज

कहा- चार राज्यों में बैलेट पेपर से हुए चुनाव, कांग्रेस ने एक भी सीट नहीं जीती

नई दिल्ली, आरएनएन। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चार राज्यों में हुए विधान परिषद यानी एमएलसी चुनावों के नतीजों पर कांग्रेस को घेरा है। उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार और कर्नाटक में कुल 28 सीटों पर चुनाव हुए थे और इनमें कांग्रेस एक भी सीट नहीं जीत सकी। पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा कि ये चुनाव बैलेट पेपर से हुए। कर्नाटक की चारों सीटें बीजेपी और जेडीएस गठबंधन ने जीतीं, जबकि यूपी में बीजेपी को चार और सपा को दो सीटें मिलीं।



पीएम मोदी ने अपनी पोस्ट में लिखा, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार और कर्नाटक जैसे चार बड़े राज्यों में 28 सीटों पर एमएलसी चुनाव हुए। चुनाव बैलेट पेपर से हुए। अंदाजा लगाइए, कांग्रेस ने कितनी सीटें जीतीं?

जियो की ऐतिहासिक लिस्टिंग निवेशकों में दीवाली जैसी खुशी

अनंत अंबानी का पीएम मोदी के 'डिजिटल इंडिया' विजन को सलाम

मुंबई। रिलायंस समूह की नई पीढ़ी ने भारतीय शेयर बाजार में एक ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज करते हुए जियो प्लेटफॉर्म्स लिमिटेड की सूचीबद्धता के साथ देश के डिजिटल विकास की यात्रा को नया मुकाम दिया। जियो की शेयर बाजार में शानदार शुरुआत से निवेशकों में उत्साह का माहौल रहा। इस खास अवसर पर अनंत अंबानी ने प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के ''डिजिटल इंडिया'' विजन को विशेष रूप से याद करते हुए कहा कि इसी दृष्टिकोण ने जियो को उसका उद्देश्य दिया। उन्होंने प्रधानमंत्री के निरंतर मार्गदर्शन और सहयोग के लिए आभार व्यक्तकिया तथा उन्हें कोटि-कोटि प्रणाम किया। जियो प्लेटफॉर्म्स की सूचीबद्धता का यह समारोह केवल कारोबारी उपलब्धि तक सीमित नहीं रहा, बल्कि इसमें रिलायंस की तीन पीढ़ियों के सपनों, तकनीकी विकास और करोड़ों भारतीयों को डिजिटल सुविधाओं से जोड़ने के संकल्प की झलक भी दिखाई दी। अनंत अंबानी ने अपने संबोधन में कहा कि भारत का आने वाला कल युवाओं का है और विकसित भारत के सपने को साकार करने में जियो पूरी प्रतिबद्धता के साथ योगदान देगा।



दादा धीरूभाई के सपने से डिजिटल भारत तक

अनंत अंबानी ने अपने दादा धीरूभाई अंबानी को याद करते हुए कहा कि चोरवाड़ के एक साधारण घर से निकले धीरूभाई ने यह साबित किया कि एक सामान्य भारतीय भी असाधारण सपने देख सकता है। उन्होंने अपने पिता मुकेश अंबानी के उस सपने का भी उल्लेख किया, जिसके तहत भारत को औद्योगिक और तकनीकी क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर मजबूत बनाना था। इसी सोच के आगे बढ़ते चरण के रूप में जियो का जन्म हुआ। इसका लक्ष्य था कि हर हाथ में इंटरनेट हो और हर गांव की पहुंच दुनिया तक बने।



अनंत अंबानी ने अपनी बहन ईशा अंबानी और भाई आकाश अंबानी के योगदान का जिक्र करते हुए कहा कि जियो को देशभर के लोगों का विश्वास और आशीर्वाद मिला है। उन्होंने जियो के करोड़ों ग्राहकों को इस सफलता का असली भागीदार बताया। उनके अनुसार, जियो का महत्व केवल मोबाइल सेवा तक सीमित नहीं है, बल्कि यह देश के डिजिटल सपनों को जोड़ने वाला माध्यम बन चुका है। 53 करोड़ से अधिक ग्राहकों तक पहुंची जियो की सेवाएं अनंत अंबानी ने अपने संबोधन में जियो परिवार के 53 करोड़ से अधिक सदस्यों के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि कंपनी की सफलता में ग्राहकों के विश्वास के साथ-साथ कर्मचारियों की मेहनत का भी बड़ा योगदान है। उन्होंने दूरसंचार टावरों पर कठिन परिस्थितियों में काम करने वाले तकनीशियनों, अभियंताओं, सेवा कर्मचारियों, दुकानों की टीमों और खुदरा भागीदारों की सराहना की। अनंत अंबानी ने कहा कि जियो आज जिस मुकाम पर पहुंचा है, उसके पीछे इन सभी लोगों का योगदान है।

निवेशकों की संपत्ति में बड़ा इजाफा, जियो के शेयर की शानदार शुरुआत

जियो प्लेटफॉर्म्स की सूचीबद्धता के पहले कारोबारी दिन शेयर बाजार में मजबूत खरीदारी देखने को मिली। उपलब्ध विवरण के अनुसार, कंपनी का शेयर 1,358 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ, जबकि निर्गम मूल्य 1,119 रुपये था। कारोबार के दौरान शेयर की कीमत 1,374 रुपये तक पहुंची और कारोबार समाप्त होने के समय यह करीब 1,357.55 रुपये पर दर्ज की गई। निर्गम मूल्य की तुलना में शेयर की शुरुआती बढ़त ने निवेशकों का ध्यान खींचा। कंपनी के अलग विवरण के मुताबिक, पहले कारोबारी दिन निवेशकों की संपत्ति में करीब 2.76 लाख करोड़ रुपये यानी 29 अरब डॉलर की बढ़ोत्तरी हुई। जियो का बाजार पूंजीकरण 13 लाख करोड़ रुपये के पार पहुंच गया। राष्ट्रीय शेयर बाजार और बंबई शेयर बाजार में कंपनी के शेयरों का कुल कारोबार मूल्य 26,000 करोड़ रुपये से अधिक रहा। मजबूत कारोबार ने जियो की सूचीबद्धता को भारतीय पूंजी बाजार की प्रमुख घटनाओं में शामिल कर दिया।

रिलायंस समूह का बाजार पूंजीकरण 28.9 लाख करोड़ रुपये

जियो की सूचीबद्धता के साथ रिलायंस समूह का कुल बाजार पूंजीकरण करीब 28.9 लाख करोड़ रुपये बताया गया। इस उपलब्धि ने समूह की कारोबारी स्थिति और डिजिटल क्षेत्र में उसकी मौजूदगी को फिर चर्चा में ला दिया। जियो प्लेटफार्म्स का कारोबार दूरसंचार सेवाओं, डिजिटल संपर्क और प्रौद्योगिकी आधारित सुविधाओं के इर्द -गिर्द विकसित हुआ है। कंपनी का विस्तार भारत में डिजिटल सेवाओं की बढ़ती मांग और इंटरनेट के व्यापक इस्तेमाल से जुड़ा है। हालांकि , शेयर बाजार में किसी कंपनी की मजबूत शुरुआत के बाद भी भविष्य का प्रदर्शन बाजार की परिस्थितियों, कंपनी के कारोबारी नतीजों और निवेशकों की अपेक्षाओं पर निर्भर करता है। इसलिए निवेशकों के लिए शेयर की कीमत के साथ कंपनी की दीर्घकालिक संभावनाओं का आकलन करना भी महत्वपूर्ण रहेगा।

राहत | कुछ 90% तक हुई सस्ती, 9 नवंबर से पूरे देश में लागू हो जाएगा यह आदेश

कैंसर की 543 दवाओं के दाम बदले

नई दिल्ली/संचार जगत



भारत में दवाओं की कीमतों पर नजर रखने वाली संस्था नेशनल फार्मास्यूटिकल प्राइसिंग अथॉरिटी (एनपीपीए) ने कैंसर की 543 दवा की कीमतों (एमआरपी) में बदलाव किया है। यह आदेश 9 नवंबर 2026 से पूरे देश में लागू हो जाएगा। कुछ दवाओं की कीमतों में 90 प्रतिशत से ज्यादा की कमी हुई है, हालांकि, इस राहत के बावजूद कैंसर की कुछ बेहद महंगी दवाओं के दाम में बदलाव नहीं हुआ है।

कीट्रूडा जैसी महंगी दवाओं की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ, इस दवाई का 21 से ज्यादा तरह के कैंसर के इलाज में होता है उपयोग

एनपीपीए ने दवाओं की जो नई कीमत तय की है उसमें ब्रेस्ट कैंसर के कुछ मरीजों को दी जाने वाली दवा पाल्बोसिक्लिब के एक ब्रांड और पैक की कीमत 40,421 रुपये से घटाकर 2,720 रुपये कर दी गई है। इसी तरह कीमोथेरेपी में इस्तेमाल होने वाली दवा थायोटेप की एक शीशी की कीमत करीब 80,072 रुपये से घटकर 7,150 रुपये हो गई है। इसके अलावा डासैटिनिब, लेंवाटिनिब और ओलापैरिब जैसी दवाओं की कीमतों में भी बड़ी कटौती की गई है, लेकिन कैंसर की कुछ दवाओं की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। कीमतों में कटौती के बावजूद कैंसर के इलाज में इस्तेमाल होने वाली कुछ बेहद महंगी दवाओं की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। इनमें इम्यूनोथेरेपी की दवा कीट्रूडा भी शामिल है। कीट्रूडा का इस्तेमाल 21 से ज्यादा तरह के कैंसर के इलाज में होता है। अभी भी इसकी कीमत 2,16,500 रुपये ही बनी हुई है. ब्रेस्ट कैंसर के इलाज में इस्तेमाल होने वाली रिबोसाइक्लिब की कीमत भी 24,435 रुपये पर ही स्थिर है।

क्यों कम नहीं हुई कुछ दवाओं की कीमत

मरीजों के हितों की वकालत करने वाले समूह ऑल इंडिया ड्रग एक्शन नेटवर्क (एआईडीएएन) से जुड़ीं मालिनी ऐसोला ने इस बारे में बताया है। वह कहती हैं कि पेटेंट वाली दवाओं की कीमतों में कोई बदलाव न आने का एक कारण यह है कि सरकार ने बहुत सोच-समझकर उन दवाओं को इसमें शामिल नहीं किया है, जो पेशेंट असिस्टेंस प्रोग्राम (पीएपी) के तहत मुफ्त में दी जाती हैं। पीएपी के तहत, दवा कंपनियां प्रिस्क्रिप्शन वाली दवाएं मुफ्त या भारी छूट पर उपलब्ध कराती हैं। उदाहरण के लिए, कैंसर के मरीजों को दो शीशियों का भुगतान करने पर तीसरी शीशी मुफ्त दी जा सकती है। उन्होंने कहा कि हम पीएपी को बाहर रखे जाने के खिलाफ रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि इससे अस्पतालों और बिचौलियों को भारी मुनाफा कमाने का मौका मिल जाता है। ऐसोला ने यह भी बताया कि कई मामलों में कीमतों में की गई भारी कटौती एक ऐसे उदार फॉर्मूले के तहत है, जो अस्पताल या वितरक को अभी भी 42.8 प्रतिशत का मुनाफा देता है।

जिला निर्वाचन अधिकारी संदेश नायक ने विभिन्न मतदान केंद्रों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

अचरोल, शाहपुरा, पीपलोद नारायण एवं राडावास सहित विभिन्न मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

संचार जगत

जयपुर। पंचायती राज आम चुनाव के द्वितीय चरण के अंतर्गत जिला परिषद् एवं पंचायत समिति सदस्य पदों के लिए बुधवार को हुए मतदान प्रक्रिया को पूर्ण स्वतंत्रता, निष्पक्षता एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) संदेश नायक ने जयपुर जिले की द्वितीय चरण में शामिल 5 पंचायत समितियों में विभिन्न मतदान केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने तक के मतदान केंद्रों का औचक निरीक्षण कर सभी आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अचरोल, शाहपुरा, पीपलोद नारायण, राडावास सहित 5 पंचायत समितियों के अनेक मतदान केंद्रों का दौरा किया। उन्होंने सभी मतदाताओं से निर्भीक होकर मतदान प्रक्रिया में भाग लेने की सार्थक अपील भी की तथा विभिन्न मतदान केदो का औचक निरीक्षण कर मतदाताओं को मतदान केंद्र पर उपलब्ध बिजली, पानी,स्वच्छता, सुरक्षा सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने इस दौरान उपस्थित मतदाताओं से मतदान केंद्र पर उपलब्ध सुविधाओं सहित मतदान प्रक्रिया सुरक्षा सहित अन्य विषयों पर चर्चा कर उत्साहवर्धन किया। मतदान प्रक्रिया में भाग लेकर राष्ट्र की लोकतांत्रिक परंपरा को मजबूत बनाने में सहयोग प्रदान करने पर सभी मतदाताओं का आभार व्यक्त किया।



पंचायतीराज आम चुनाव-2026 के द्वितीय चरण में सायं 6 बजे तक 68.35 प्रतिशत मतदान,

शाहपुरा में सर्वाधिक 71.87 प्रतिशत मतदान

संचार जगत

जयपुर। पंचायतीराज आम चुनाव के द्वितीय चरण के तहत जयपुर जिले में जिला परिषद् एवं पंचायत समिति सदस्य पदों के लिए बुधवार को मतदान हुआ। सायं 6 बजे तक जिले की पांच पंचायत समितियों एवं जिला परिषद् के संबंधित वार्डों में कुल 68.35 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। इस दौरान कुल 3 लाख 78 हजार 364 मतदाताओं में से 2 लाख 58 हजार 612 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) संदेश नायक ने बताया कि पंचायत समिति क्षेत्र अमरसर में 66.75 प्रतिशत, आमेर में 67.05 प्रतिशत, जालसू में 70.10 प्रतिशत, रामपुरा डाबड़ी में 67.39 प्रतिशत तथा शाहपुरा में 71.87 प्रतिशत मतदान हुआ। पंचायत समिति क्षेत्र शाहपुरा में सर्वाधिक 71.87 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया।

DUM-2026 में विद्युत वितरण में बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणालियों के अनुप्रयोगों पर हुआ मंथन

विशेषज्ञों ने नवीकरणीय ऊर्जा एकीकरण, पीक डिमांड प्रबंधन एवं विद्युत ग्रिड की विश्वसनीयता बढ़ाने पर दिया जोर

संचार जगत

जयपुर। DUM-2026 के दूसरे दिन सत्र-7 'विद्युत वितरण में बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणालियों (BESS) के अनुप्रयोग–चयनित केस स्टडीज' में विभिन्न संस्थानों के विशेषज्ञों ने अपने विचार साझा किए। सत्र में TERI के विद्युत एवं नवीकरणीय ऊर्जा प्रभाग के निदेशक अलेख्य दत्ता, GIZ India की ऊर्जा सलाहकार भाग्यश्री नायर, BRPL के सहायक उपाध्यक्ष अविनाश कुमार, PuVVNL के निदेशक (तकनीकी) जितेंद्र नलवाया, ग्लोबल एनर्जी अलायंस फॉर पीपल एंड प्लैनेट के मैनेजर निर्मल शाजू, IESA के निदेशक चेतन पाठक, तमिलनाडु पावर डिस्ट्रीब्यूशन कॉर्पोरेशन लिमिटेड के सी. नल्लाशिवन तथा SECI के जनरल मैनेजर रतन सिंह ने वक्ता के रूप में भाग लिया। सत्र का संचालन TERI के वरिष्ठ निदेशक ए. के. सक्सेना ने किया। अंत में प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित किया गया तथा इंडिया स्मार्ट ग्रिड फोरम की मुख्य कार्यकारी अधिकारी रीना सूरी ने अतिथियों एवं विशेषज्ञों को स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया।

BESS से विद्युत वितरण प्रणाली होगी अधिक सक्षम एवं विश्वसनीय

सत्र में बताया गया कि बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणालियां दिन में अतिरिक्त सौर ऊर्जा का भंडारण कर शाम के समय अधिक मांग के दौरान उसका उपयोग सुनिश्चित कर सकती हैं। इससे पीक डिमांड प्रबंधन, विद्युत आपूर्ति की गुणवत्ता में सुधार, नेटवर्क विस्तार की आवश्यकता में कमी तथा रूफटॉप सोलर और अन्य नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों के बेहतर एकीकरण में मदद मिलेगी।

नई शिक्षा नीति हमारी संस्कृति और बौद्धिक क्षमता बढ़ाने वाली : राज्यपाल हरिभाऊ बागडे

'संघ से राष्ट्रबोधः शताब्दी यात्रा के विभिन्न पड़ाव' पुस्तक का लोकार्पण समारोह

राष्ट्र केवल भूभाग नहीं है, यह जीवन की सांस्कृतिक दृष्टि -विधानसभा अध्यक्ष

संचार जगत



जयपुर। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा कि नई शिक्षा नीति भारत की संस्कृति और परम्पराओं से जुड़ी है। इसके जरिए ही भारत के वास्तविक इतिहास से नई पीढ़ी को जानकारी मिल रही है। उन्होंने विनोबा भावे की चर्चा करते हुए कहा कि उन्होंने कहा था कि आजादी के बाद सबसे पहले देश की शिक्षा पद्धति बदली जानी चाहिए थी।

यह काम हुआ नहीं, पर नई शिक्षा नीति से इस दिशा में ऐतिहासिक पहल हुई है। यह हमारी संस्कृति और बौद्धिक क्षमता बढ़ाने वाली है। बागडे बुधवार को पाथेय भवन में 'संघ से राष्ट्रबोधः शताब्दी यात्रा के विभिन्न पड़ाव' पुस्तक लोकार्पण समारोह में सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि संघ देश के श्रेष्ठ नागरिक बनाने का कार्य करता है। उन्होंने कहा कि बाल और किशोर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की आत्मा है। जो एक बार इससे जुड़ जाता है वह सदा राष्ट्र के लिए समर्पित होकर कार्य करता है। उन्होंने कहा कि देश का कोई ऐसा क्षेत्र नहीं है, जहां के विकास के लिए संघ के कार्यकर्ता काम नहीं करते। संघ की 1925 में स्थापना के बाद नैतिकता, ईमानदारी और राष्ट्र के लिए किए कार्यों की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि संघ जीवन से जुड़ी उदात्त दृष्टि देने वाला संगठन है। बागडे ने कहा कि देश की आजादी के बाद 26 जनवरी को पंडित नेहरू के आग्रह पर आरएसएस के स्वयंसेवकों ने राजपथ पर पूरे अनुशासन के साथ मार्च किया था। उन्होंने संघ के सौ वर्ष पूर्ण होने पर उसके किए महत्वपूर्ण कार्यों की चर्चा करते हुए कहा कि इस संगठन के लोगों की तपस्या से राष्ट्र विकास की पथ पर आगे बढ़ा है। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि राष्ट्र केवल भूभाग नहीं है। यह जीवन की सांस्कृतिक दृष्टि है। उन्होंने कहा कि संघ के सौ वर्षों की यात्रा के दौरान संगठित चरित्रवान लोग निरंतर तैयार हुए हैं। देवनानी ने कहा कि संघ जन निर्माण का कार्य करते हुए राष्ट्र प्रथम की सोच से कार्य करने की प्रेरणा देता है।

शुद्ध आहार-मिलावट पर वार अभियान

जयपुर के झोटवाड़ा औद्योगिक क्षेत्र में खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्रवाई



संचार जगत

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर के मार्गदर्शन तथा प्रमुख शासन सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य गायत्री राठौड़ के निर्देशन में प्रदेश में 'शुद्ध आहार-मिलावट पर वार' अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्रवाई लगातार जारी है। अभियान के तहत जयपुर के झोटवाड़ा औद्योगिक क्षेत्र स्थित कोल्ड स्टोरेज गोदाम में निरीक्षण के दौरान 7-8 वर्ष पुरानी किशमिश एवं अखरोट रखे मिले। खाद्य सुरक्षा दल ने संबंधित फर्मों के प्रतिनिधियों की सहमति से 3,180 किलोग्राम खराब किशमिश और 480 पैकेट अखरोट नष्ट करवाए। वहीं, मिलावट के संदेह पर 1,018 किलोग्राम काली मिर्च सीज की गई। आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण, राजस्थान श्री अविचल चतुर्वेदी के निर्देशानुसार, अतिरिक्त आयुक्त भगवत सिंह के मार्गदर्शन एवं संयुक्त आयुक्त वी.पी. शर्मा के पर्यवेक्षण में केंद्रीय खाद्य सुरक्षा दल के अधिकारियों ने यह कार्रवाई की।

डॉ. नीरज के. पवन ने दीप प्रज्वलित कर किया राजीविका दिवाली मेले का शुभारंभ, महिलाओं को मिलेगा रोजगार

इन्दिरा गाँधी पंचायती राज संस्थान परिसर में 28 अक्टूबर से 4 नवम्बर 2026 तक होगा आयोजित

आमजन मेले में हस्तनिर्मित सजावटी सामग्री एवं पारंपरिक व्यंजनों का लुफ्त उठाएं

संचार जगत



जयपुर। इन्दिरा गाँधी पंचायती राज संस्थान के महानिदेशक डॉ. नीरज के. पवन ने इन्दिरा गाँधी पंचायती राज संस्थान के परिसर में बुधवार को दीप प्रज्वलित कर राजीविका दिवाली मेले का शुभारंभ किया।

यह मेला 28 अक्टूबर से 4 नवम्बर 2026 तक प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से रात्रि 9 बजे तक आयोजित होगा। इस अवसर पर उन्होंने राजीविका के स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) की महिलाओं द्वारा लगाई गई स्टॉलों का अवलोकन किया तथा उनके द्वारा निर्मित हस्तशिल्प उत्पादों की जानकारी ली। उन्होंने महिलाओं के हुनर एवं रचनात्मकता की सराहना करते हुए उन्हें प्रोत्साहित किया और शुभकामनाएं दीं।

डॉ. पवन ने कहा कि राजीविका द्वारा आयोजित यह दिवाली मेला स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को अपने उत्पादों के प्रदर्शन एवं विपणन के साथ रोजगार और आजीविका के बेहतर अवसर देगा। ऐसे आयोजनों से महिलाओं के कौशल को पहचान मिलने के साथ ही उन्हें अपने उत्पादों के लिए व्यापक बाजार भी मिलता है। उन्होंने जयपुरवासियों से आह्वान किया कि वे मेले में पहुंचकर एसएचजी की महिलाओं का उत्साहवर्धन करें तथा उनके द्वारा 100 से अधिक लगी स्टॉलों पर हस्तनिर्मित उत्पादों की खरीदारी कर प्रोत्साहित करें। मेले में टेराकोटा, लकड़ी के उत्पाद, कशीदाकारी एवं विभिन्न हस्तशिल्प वस्तुओं के साथ ही विविध खाद्य सामग्री उपलब्ध है। उन्होंने आमजन से दिवाली के अवसर पर मेले में आकर हस्तनिर्मित सजावटी सामग्री एवं पारंपरिक व्यंजनों का आनंद लेने और स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने की अपील की।

श्याम नगर में चांदी के बर्तन चोरी करने वाला नौकर गिरफ्तार, बिहार भागने की फिराक में था आरोपी

जयपुर। जयपुर दक्षिण के श्याम नगर थाना पुलिस ने घर से चांदी के बर्तन चोरी करने के मामले में कार्रवाई करते हुए 21 वर्षीय आरोपी विष्णु कुमार को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, आरोपी घर से चांदी के बर्तन चोरी करने के बाद बिहार भागने की फिराक में था, लेकिन पुलिस ने उसे पकड़ लिया। पुलिस के मुताबिक, परिवादी बृजमोहन मोदी ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि उन्होंने 21 अक्टूबर को विष्णु कुमार को अपने घर पर नौकर रखा था।

इसके तीन दिन बाद, 24 अक्टूबर को आरोपी घर में रखे चांदी के बर्तन चोरी कर ले गया। मामले की शिकायत मिलने के बाद श्याम नगर थाना पुलिस ने जांच शुरू की और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चांदी के दो जग, दो गिलास, एक प्लेट और दो ढक्कन बरामद किए हैं।पुलिस के अनुसार, चोरी के बाद आरोपी बिहार भागने की तैयारी में था, लेकिन इससे पहले ही उसे

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने श्री डिग्गी कल्याणजी मंदिर में किए दर्शन

पूजा-अर्चना कर प्रदेश की सुख-समृद्धि के लिए कामना की



संचार जगत

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को टोंक के डिग्गी स्थित कल्याणजी मंदिर में दर्शन किए। उन्होंने सपत्नीक विधिवत पूजा-अर्चना कर प्रदेश की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कन्हैया लाल चौधरी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

स्मार्ट तकनीक और नवाचारों से राजस्थान में विद्युत आपूर्ति को बेहतर बनाने पर मंथन

10वीं डिस्ट्रीब्यूशन यूटिलिटी मीट-2026 में स्मार्ट ग्रिड, सौर ऊर्जा, बैटरी स्टोरेज और जयपुर डिस्कॉम की डिजिटल ट्विन पहल पर हुई चर्चा

संचार जगत



जयपुर। जयपुर में आयोजित दो दिवसीय 10वीं डिस्ट्रीब्यूशन यूटिलिटी मीट-2026 के दूसरे दिन बुधवार को 'वितरण नेटवर्कों के लिए फ्लेक्सिबिलिटी संबंधी समाधान तथा सौर पीवी और बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली (BESS) के लिए केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (CEA) के मानक' विषय पर तकनीकी सत्र आयोजित हुआ।

ऊर्जा विभाग एवं ऑल इंडिया डिस्कॉम्स एसोसिएशन की सहभागिता से आयोजित सत्र में विद्युत वितरण नेटवर्क को सुदृढ़ बनाने, नवीकरणीय ऊर्जा के एकीकरण, पीक डिमांड प्रबंधन तथा स्मार्ट तकनीकों के उपयोग पर चर्चा हुई। सत्र की अध्यक्षता ऑल इंडिया डिस्कॉम्स एसोसिएशन के महानिदेशक आलोक कुमार ने की। केपीएमजी के पार्टनर विकास गाबा ने मॉडरेटर की भूमिका निभाई। सत्र में टीईआरसी के चेयरमैन हेमंत वर्मा, डी-शेयरिंग जापान के सीईओ नाओकी सकाई, जयपुर डिस्कॉम की एसई दीप्ति माथुर तथा सीपीआरआई के अतिरिक्त निदेशक सुधीर कुमार आर सहित विशेषज्ञ एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

नवीकरणीय ऊर्जा के साथ ग्रिड फ्लेक्सिबिलिटी पर जोर

विशेषज्ञों ने बताया कि देश में लगभग 165 गीगावाट सौर, 58 गीगावाट पवन ऊर्जा क्षमता तथा प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत रूफ टॉप सोलर के विस्तार से स्वच्छ ऊर्जा का महत्व बढ़ रहा है। इससे ग्रिड संचालन में नई चुनौतियां सामने आ रही हैं। दिन में अधिक सौर उत्पादन और शाम को मांग बढ़ने की स्थिति के प्रभावी प्रबंधन के लिए ऊर्जा भंडारण, स्मार्ट मीटरिंग, मांग पक्ष प्रबंधन और डिजिटल तकनीकों का समन्वित उपयोग आवश्यक है।

सत्र में रिसोर्स एडेक्वेसी पर भी चर्चा हुई। विशेषज्ञों ने कहा कि अधिकतम मांग के समय निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए पर्याप्त उत्पादन क्षमता, विद्युत खरीद अनुबंध, मजबूत ट्रांसमिशन-वितरण नेटवर्क तथा बैटरी और पंप्ड स्टोरेज जैसी व्यवस्थाओं की दीर्घकालिक योजना जरूरी है।

बैटरी स्टोरेज और स्मार्ट मीटरिंग से मांग प्रबंधन

सत्र में बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली के लिए ग्रिड-फॉर्मिंग इन्वर्टर, स्मार्ट मीटर डेटा आधारित मांग पक्ष प्रबंधन, डायनेमिक टाइम ऑफ यूज टैरिफ पर चर्चा की गई। 100 किलोवाट से अधिक के नए विद्युत लोड के साथ न्यूनतम दो घंटे की ब्लैकस्टार्ट व्यवस्था अनिवार्य करने के प्रस्ताव, फ्लेक्सिबल सेवाएं देने वाले उपभोक्ताओं को प्रोत्साहन, वर्चुअल पावर प्लांट्स (VPPs), एग्रीगेटर्स और ऊर्जा बाजारों तक पहुंच बढ़ाने के नियामकीय एवं वित्तीय उपायों पर भी विचार हुआ।

विभिन्न राज्यों के नवाचारों का उल्लेख

सत्र में छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव में 100 मेगावाट सौर ऊर्जा संयंत्र के साथ 40 मेगावाट/120 मेगावाट-घंटा बैटरी स्टोरेज परियोजना, त्रिपुरा के दुर्गम क्षेत्रों में सौर माइक्रोग्रिड तथा जयपुर डिस्कॉम की डिजिटल ट्विन पहल के उदाहरण प्रस्तुत किए गए। बैटरी स्टोरेज से दिन में उत्पादित सौर ऊर्जा का शाम के पीक आवर्स में उपयोग तथा माइक्रोग्रिड से दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली उपलब्ध कराने की संभावनाओं को महत्वपूर्ण बताया गया।

डिजिटल ट्विन और AI आधारित तकनीकों से बेहतर होगा नेटवर्क प्रबंधन- जयपुर डिस्कॉम की डिजिटल ट्विन पहल के तहत बिजली के खंभों, लाइनों, ट्रांसफॉर्मरों, फीडरों, सब-स्टेशनों का digitisation कर नेटवर्क की निगरानी, विश्लेषण और प्लानिंग को बेहतर बनाने की संभावनाओं पर चर्चा हुई। जीआईएस मैपिंग, स्मार्ट मीटर और सेंसर आधारित डेटा से ओवरलोडिंग एवं तकनीकी खराबियों की पहचान, फॉल्ट लोकेशन निर्धारित करने, आपूर्ति बहाली और नेटवर्क विस्तार की योजना में सहायता मिल सकती है।

जयपुर डिस्कॉम द्वारा क्लीन-टेक स्टार्टअप Flock Energy और सहयोगी संस्थाओं के साथ किए गए ढ्ढ एवं ढ्ढश्रञ्ज आधारित मांग प्रबंधन प्रयासों का भी उल्लेख किया गया। होम एनर्जी मैनेजमेंट सिस्टम (॥श्वस्रू), स्मार्ट प्लग और ढ्ढश्रञ्ज उपकरणों से घरेलू बिजली खपत का अध्ययन कर एयर कंडीशनर जैसे अधिक ऊर्जा खपत वाले उपकरणों के उपयोग को पीक आवर्स से अन्य समय में स्थानांतरित करने की संभावनाओं का परीक्षण किया गया। इसके अतिरिक्त, GreenTree Global ¥õÚU Flock Energy के सहयोग से रूफटॉप सोलर की संभावनाओं पर भी चर्चा हुई।

विश्वसनीय और किफायती विद्युत आपूर्ति के लिए समन्वित रणनीति जरूरी

सत्र में विशेषज्ञों ने कहा कि भविष्य की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए ऊर्जा भंडारण, स्मार्ट मीटरिंग, डिजिटल नेटवर्क प्रबंधन, मांग पक्ष प्रबंधन और संसाधन पर्याप्तता को एकीकृत दृष्टिकोण से अपनाना होगा।

डब्ल्यूपीएल 2027 नीलामी
गुजरात जायंट्स में शामिल हुईं कमलिनी

सबसे महंगी खिलाड़ी बनीं सोफी, यूपी वॉरियर्स ने 1.10 करोड़ में खरीदा

नई दिल्ली/संचार जगत

महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2027 की नीलामी के शुरुआती चरण में ऑस्ट्रेलिया की कप्तान सोफी मोलिनेक्स सबसे महंगी खिलाड़ी रहीं। बुधवार को यूपी वॉरियर्स ने उन्हें 1.10 करोड़ रुपए में अपनी टीम में शामिल किया।

गुजरात जायंट्स (जीजी) ने भारत की युवा विकेटकीपर-बल्लेबाज जी. कमलिनी को उनके बेस प्राइस 40 लाख रुपए में खरीदा। 2024 में खिताब जीतने वाली रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) टीम का हिस्सा रहीं सोफी डब्ल्यूपीएल 2026 में नहीं खेल पाई थीं। उन्होंने अपना बेस प्राइस 50 लाख रुपए रखा था। यूपी वॉरियर्स ने बोली की शुरुआत की, लेकिन आरसीबी भी मुकाबले में बनी रही और एक मिनट से भी कम समय में कीमत 95 लाख रुपये तक पहुंच गई। यूपी वॉरियर्स ने बोली बढ़ाकर 1 करोड़ रुपये कर दी, जिसके जवाब में आरसीबी ने 1.05 करोड़ रुपए की बोली लगाई। अंत में यूपी वॉरियर्स ने 1.10 करोड़ रुपए की बोली लगाकर उन्हें अपनी टीम में शामिल कर लिया। बाएं हाथ की स्पिन ऑलराउंडर, हिप की चोट से उबरने के बाद हाल ही में न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज के जरिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में लौटी है।



मुंबई इंडियंस से रिलीज हुईं कमलिनी

नीलामी से पहले मुंबई इंडियंस की ओर से रिलीज की गईं कमलिनी को लेकर काफी उम्मीदें थीं कि उन्हें बड़ी रकम मिलेगी। हालांकि, 2027 अंडर-19 महिला टी20 विश्व कप टीम में जगह न मिलने के कारण, उन्हें लेकर कोई खास होड़ नहीं दिखी और वह आसानी से गुजरात जायंट्स में चली गईं, क्योंकि किसी और फ्रेंचाइजी ने उनके लिए बोली नहीं लगाई। मुंबई इंडियंस के लिए डब्ल्यूपीएल में उनका प्रदर्शन भले ही औसत रहा हो, लेकिन 2025 अंडर-19 विश्व कप जीतने वाली टीम की सदस्य रहीं कमलिनी, सीनियर टीम के अलावा इंडिया ए और तमिलनाडु की टीमों का भी हिस्सा रही हैं।



दिल्ली कैपिटल्स ने किरण नवगिरे को 75 लाख रुपए में खरीदा

गुजरात जायंट्स ने आयरलैंड की सीम-बॉलिंग ऑलराउंडर ओर्ला प्रेंडरगास्ट को भी 30 लाख रुपए में अपनी टीम में शामिल किया। दिल्ली कैपिटल्स ने नीलामी में अपनी पहली खरीदारी करते हुए भारतीय बल्लेबाज किरण नवगिरे को 75 लाख रुपए में खरीदा।

यूपी वॉरियर्स में शामिल हुईं स्नेह राणा और ग्रेस हैरिस



यूपी वॉरियर्स ने भारत की ऑफ-स्पिन ऑलराउंडर स्नेह राणा और ऑस्ट्रेलिया की आक्रामक ऑलराउंडर ग्रेस हैरिस को भी उनके 30 लाख रुपए के बेस प्राइस पर अपनी टीम में शामिल किया। आरसीबी में रिप्लेसमेंट खिलाड़ी के तौर पर शामिल रहीं गुजरात जायंट्स की पूर्व कप्तान स्नेह राणा के लिए कोई और बोली नहीं लगी, यहां तक कि उनकी पुरानी टीम दिल्ली कैपिटल्स ने भी उनके लिए बोली नहीं लगाई।

खबर संक्षेप



न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज नहीं खेलेंगे प्रसिद्ध

नई दिल्ली। भारतीय तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा हैमस्ट्रिंग (मांसपेशियों में खिंचाव) की चोट से पूरी तरह उबरने में नाकाम रहने के कारण 4 नवंबर से न्यूजीलैंड के खिलाफ शुरू होने वाली 5 मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला में नहीं खेल पाएंगे। बीसीसीआई के एक सूत्र ने यह जानकारी दी। इस बीच जम्मू-कश्मीर के तेज गेंदबाज आकिब नबी ने लिंकन में भारत ए और न्यूजीलैंड ए के बीच खेले गए पहले अनौपचारिक चार दिवसीय मुकाबले में अपने प्रदर्शन से प्रभावित किया और प्रसिद्ध की जगह उन्हें मौका मिलने की संभावना है। बीसीसीआई के एक सूत्र ने कहा, प्रसिद्ध अच्छी तरह से उबर रहे हैं।

कनाडा महिला ओपन से हटीं अनाहत



टोरंटो। स्क्वाश खिलाड़ी अनाहत सिंह चोट के कारण कनाडा महिला ओपन के क्वार्टर फाइनल मुकाबले से हट गईं। उन्हें अंतिम आठ के मुकाबले में शीर्ष वरीयता प्राप्त फैरुज अबोलखेर से भिड़ना था। पेशेवर स्क्वाश संघ (पीएसए) की आधिकारिक वेबसाइट के अनुसार अनाहत ने चोट के कारण क्वार्टर फाइनल मुकाबले से हटने का फैसला किया। हालांकि उनकी चोट के बारे में विस्तृत जानकारी नहीं दी गई।

31 अक्टूबर को भारतीय रेसिंग महोत्सव



नई दिल्ली। भारतीय रेसिंग महोत्सव 31 अक्टूबर को होने वाली एफ4 इंडियन चैंपियनशिप और एक नवंबर को होने वाली इंडियन रेसिंग लीग के साथ 13 साल बाद ग्रेटर नोएडा स्थित बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट (बीआईसी) में वापसी करेगा। एफ4 इंडियन चैंपियनशिप 5.125 किलोमीटर लंबे सर्किट पर 2026 के सत्र की अपनी चौथे दौर की रेस, जबकि इंडियन रेसिंग लीग (आईआरएल) अपने दूसरे दौर की रेस आयोजित करेगा। बीआईसी फॉर्मूला वन इंडियन ग्रां प्री और मोटोजीपी भारत की मेजबानी कर चुका है।

फरहान दूसरे तो किशन तीसरे स्थान पर पहुंचे

टी20 के नए किंग बने अभिषेक, ईशान को पछाड़ा

नई दिल्ली/संचार जगत

भारतीय सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा बुधवार को जारी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की नवीनतम टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट रैंकिंग में अपने हमवतन इशान किशन को पछाड़कर दुनिया के नंबर एक बल्लेबाज बन गए। अभिषेक ने न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में मंगलवार को 38 गेंद में 113 रन की तूफानी पारी खेली, जो उनका इस प्रारुप में चौथा शतक है।

उनकी इस पारी की बदौलत भारत ने छह विकेट से जीत दर्ज की। इसके एक दिन बाद वह रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच गए। चोट के कारण पांच मैच की श्रृंखला के दूसरे और तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में नहीं खेल सके किशन तीसरे स्थान पर खिसक गए हैं।

अभिषेक की कुल रेटिंग 897 अंक

पाकिस्तान के टी20 अंतरराष्ट्रीय कप्तान साहिबजादा फरहान दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। आईसीसी ने अपनी वेबसाइट पर लिखा, 'इस पारी की बदौलत बाएं हाथ के बल्लेबाज अभिषेक ने अपने साथी खिलाड़ी ईशान किशन को पीछे छोड़कर टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजों की रैंकिंग में फिर से नंबर एक स्थान हासिल कर लिया।' अभिषेक के कुल 897 रेटिंग अंक हैं जबकि फरहान 883 अंक के साथ दूसरे और किशन 866 अंक के साथ तीसरे स्थान पर हैं। किशन ने आयरलैंड के खिलाफ शानदार प्रदर्शन के बाद जुलाई में अभिषेक को पीछे छोड़कर शीर्ष स्थान हासिल किया था।



टेस्ट गेंदबाजों में शीर्ष पर यानसन

यानसन टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग में भी शीर्ष पर पहुंच गए हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क को पीछे छोड़ा, जो दूसरे स्थान पर खिसक गए हैं। आईसीसी ने कहा, ''यानसन ने अपने करियर में पहली बार दो श्रेणियों में शीर्ष स्थान हासिल किया है। उन्होंने गकेबरहा में आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के दूसरे मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया पर दक्षिण अफ्रीका की शानदार जीत में अहम भूमिका निभाई। बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने पहली पारी में बल्ले से 85 रन बनाने के अलावा मैच का रुख बदलने वाले पांच विकेट भी लिए।' यानसन टेस्ट बल्लेबाजों की आईसीसी रैंकिंग में भी 13 स्थान की छलांग लगाकर 56वें स्थान पर पहुंच गए हैं। टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग में भारत के शीर्ष तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह एक स्थान नीचे खिसककर 853 रेटिंग अंकों के साथ पांचवें स्थान पर आ गए हैं।

अय्यर को पांच स्थान का नुकसान

भारतीय टी20 अंतरराष्ट्रीय कप्तान श्रेयस अय्यर को पांच स्थान का नुकसान हुआ है। वह 758 रेटिंग अंक के साथ दुनिया के नौवें नंबर के बल्लेबाज हैं। दक्षिण अफ्रीका के मार्को यानसन ने टेस्ट ऑलराउंडर की सूची में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मौजूदा टेस्ट श्रृंखला में अपने हरफनमौला प्रदर्शन के दम पर भारत के रविंद्र जडेजा को पीछे छोड़ दिया।

नंबर एक बल्लेबाज बनीं लॉरा वोलवार्ट



महिला एकदिवसीय रैंकिंग में दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लॉरा वोलवार्ट ने भारत की स्मृति मंधाना को पीछे छोड़कर दुनिया की नंबर एक बल्लेबाज का स्थान हासिल कर लिया है। स्मृति एकदिवसीय रैंकिंग में दूसरे स्थान पर हैं जबकि टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजों की सूची में वह चौथे स्थान पर हैं। टी20 सूची में वह अपनी सलामी जोड़ीदार शेफाली वर्मा से एक स्थान पीछे हैं।



हरियाणा-मुंबई रणजी मुकाबला

मुशीर के शानदार ऑलराउंड खेल से मुंबई जीत के करीब



नई दिल्ली/संचार जगत

हरियाणा और मुंबई के बीच रणजी ट्रॉफी का शरद पवार क्रिकेट अकादमी बीकेसी मुंबई में खेला जा रहा है। इस रोमांचक मुकाबले में हरियाणा के खिलाफ मुंबई की टीम ने अपनी स्थिति बेहद मजबूत कर ली है। मुंबई के युवा ऑलराउंडर मुशीर खान के शानदार प्रदर्शन के दम पर टीम ने हरियाणा पर शिकंजा कस दिया है। वहीं हरियाणा की ओर से रोहतक के ऑलराउंडर निशांत सिंधु ने शानदार शतकीय पारी खेलते हुए नाबाद 105 रन बनाए। इस पारी में आठ चौके और एक छक्का शामिल है। पहले बल्लेबाजी करते हुए मुंबई ने अपनी पहली पारी में 430 रनों का मजबूत स्कोर खड़ा किया। मुंबई की ओर से अंगक्रिश रघुवंशी और मुशीर खान दोनों ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए शतकीय पारियां खेलीं। अंगक्रिश ने 114 और मुशीर खान ने 109 रन बनाए। हरियाणा की ओर से सामंत जाखड़ ने तीन और अमन कुमार ने दो विकेट लिए। इसके जवाब में उतरी हरियाणा की पहली पारी 270 रनों पर सिमट गई। हरियाणा की तरफ से निशांत सिंधु ने संकट के समय जुझारू पारी खेलते हुए नाबाद 105 रन बनाए और टीम को संभालने की कोशिश की। हालांकि, मुंबई के स्पिन गेंदबाजों के आगे हरियाणा के अन्य बल्लेबाज टिक नहीं सके। गेंदबाजी में मुशीर खान ने कहर बरपाते हुए 85 रन देकर 6 महत्वपूर्ण विकेट झटके और हरियाणा की कमर तोड़ दी। पहली पारी के आधार पर 160 रनों की विशाल बढ़त हासिल करने के बाद मुंबई ने हरियाणा को फॉलोऑन देने का फैसला किया। फॉलोऑन खेलने उतरी हरियाणा की दूसरी पारी की शुरुआत भी खराब रही और उसने शुरुआती झटके झेलते हुए स्कोरबोर्ड पर कुछ रन जोड़े, लेकिन टीम पर अभी भी पारी की हार का खतरा मंडरा रहा है। बुधवार को मैच खत्म होने पर हरियाणा ने दूसरी पारी में दो विकेट के नुकसान पर 73 रन बना लिए थे। निशांत सिंधु 22 और यशवर्धन दलाल 13 रन बनाकर क्रीज पर डटे हुए हैं।

हरियाणा पर पारी की हार का खतरा
फॉलोऑन के बाद दूसरी पारी में दो विकेट पर बनाए 73 रन
हरियाणा की ओर से निशांत सिंधु ने बनाए नाबाद 105 रन

संन्यास

3 बार ग्रैंड स्लैम चैंपियन वावरिंका ने टेनिस को कहा, 'अलविदा'

नई दिल्ली/संचार जगत

तीन बार के ग्रैंड स्लैम विजेता स्टेन वावरिंका ने अपने घरेलू टूर्नामेंट स्विस इंडोर के पहले दौर में पराजय के साथ अपने शानदार टेनिस करियर का अंत किया।

इस 41 वर्षीय खिलाड़ी को पहले दौर में आठवीं वरीयता प्राप्त जिरी लेहेका ने 7-5, 7-6 (2) से हराया। वावरिंका का पेशेवर टेनिस खिलाड़ी के रूप में आखिरी शॉट एक बैकहैंड था, जो लक्ष्य से काफी दूर चला गया था। इससे दर्शकों में निराशा स्पष्ट नजर आ रही थी। वावरिंका 2002 में पेशेवर खिलाड़ी बने थे और उन्होंने पिछले साल दिसंबर में घोषणा की थी कि 2026 उनका टूर पर आखिरी साल होगा। वावरिंका ने कहा पिछले 20 सालों में एक खिलाड़ी के तौर पर मेरे बारे में अलग-अलग सोच रही है। मैं अपने करियर में बस इतना चाहता था कि अपना शत प्रतिशत दूं, हमेशा लड़ूं, कोई पछतावा न हो। अपने लिए, विरोधी के लिए, टूर्नामेंट के लिए, फैंस के लिए, सबके लिए सम्मान के साथ रहूं।



बीएफआई के गुट का अजय को हटाने के लिए बहुमत समर्थन का दावा

नई दिल्ली (भाषा)। भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) के अध्यक्ष अजय सिंह को हटाने की मांग कर रहे एक गुट ने बुधवार को 27 सदस्य इकाइयों का समर्थन होने का दावा करते हुए केंद्रीय खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे से मुलाकात की और महासंघ में प्रशासनिक अनियमितताओं को लेकर एक ज्ञापन सौंपा। निलंबित महासचिव प्रमोद कुमार, उपाध्यक्ष राजेश भंडारी और लियोनार्डो डीगामा तथा कोषाध्यक्ष पोन बास्करन सहित कार्यकारी समिति के 13 में से आठ सदस्य इस बैठक के लिए राष्ट्रीय राजधानी में जुटे। मध्य प्रदेश के दिग्विजय सिंह और असम के हेमंत कलिता भी अजय सिंह के खिलाफ शक्ति प्रदर्शन में शामिल थे। अजय सिंह के पिछले कार्यकाल में दिग्विजय कोषाध्यक्ष जबकि कलिता सचिव थे। पिछले साल तीसरी बार अध्यक्ष चुने गए अजय सिंह के खिलाफ शक्ति प्रदर्शन में 27 राज्य इकाइयों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।

तीसरा वनडे जीती भारतीय महिला टीम, जिम्बाब्वे को किया क्लीन स्वीप

प्रतिका-शेफाली की दमदार पारी वैष्णवी ने झटके पांच विकेट

नई दिल्ली/संचार जगत

भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए तीसरे वनडे मुकाबले में जिम्बाब्वे को 8 विकेट से रौंदा। बीसीए स्टेडियम में जिम्बाब्वे से मिले 132 रनों के लक्ष्य को भारतीय टीम ने आसानी से सिर्फ 17 ओवर में 2 विकेट खोकर हासिल कर लिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही।

यास्तिका भाटिया पहली ही गेंद पर बिना खाता खोले पवेलियन लौटीं। इसके बाद दूसरे विकेट के लिए हरलीन देओल और प्रतिका रावल ने मिलकर 59 रन जोड़े। हरलीन 19 रन बनाकर आउट हुईं। प्रतिका को शेफाली के रूप में एक और बढ़िया जोड़ीदार मिली। दोनों ने मिलकर तीसरे विकेट के लिए 50 गेंदों में 74 रनों की अटूट साझेदारी निभाते हुए भारतीय टीम को शानदार जीत दिलाई।



प्रतिका 56 गेंदों में 59 रन बनाकर रहीं नाबाद

प्रतिका 56 गेंदों में 59 रन बनाकर नाबाद रहीं। उन्होंने अपनी इस पारी में 4 चौके और 3 छक्के लगाए। वहीं, शेफाली वर्मा ने सिर्फ 26 गेंदों का सामना करते हुए 51 रनों की धमाकेदार पारी खेली। शेफाली ने अपनी इस इनिंग में 6 चौके और 3 छक्के लगाए। शेफाली ने अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से मैच को पूरी तरह से एकतरफा बना दिया। जिम्बाब्वे की तरफ से नोमवेलो सिबांडा और लोरिन फिरी ने एक-एक विकेट चटकाया।

जिम्बाब्वे की बल्लेबाजों ने टेके घुटने


इससे पहले, जिम्बाब्वे की बल्लेबाजों ने भारतीय गेंदबाजों के आगे आसानी से घुटने टेक दिए और पूरी टीम 39.5 ओवर में 131 रन बनाकर ऑलआउट हुई। टीम की शुरुआत बेहद खराब रही। लोरिन फिरी बिना खाता खोले आउट हो गईं। इसके बाद चिपो मुगेरी-तिरिपानो भी ज्यादा देर क्रीज पर नहीं टिक सकीं और केवल 4 रन बनाकर पवेलियन लौटीं। बिलल्ड बीजा को वैष्णवी शर्मा ने हरमनप्रीत कौर के हाथों कैच आउट कराकर सिर्फ 1 रन पर आउट किया। **वैष्णवी ने 39 रन देकर चटकाए 5 विकेट :** भारत की ओर से गेंदबाजी में वैष्णवी शर्मा ने शानदार प्रदर्शन किया। 20 वर्षीय स्पिनर ने 10 ओवर में 39 रन देकर 5 विकेट लिए और जिम्बाब्वे की बल्लेबाजों के लिए अबूझ पहेली साबित हुईं। क्रांति गौड़ ने 7 ओवर में 23 रन देकर 2 विकेट हासिल किए। वहीं, सायली सतघरे ने किफायती गेंदबाजी करते हुए 6 ओवर में सिर्फ 11 रन देकर 2 विकेट अपने नाम किए।

सोनीपत की काजल ढोचक और उत्तर प्रदेश की नीलम सिरोही ने रजत पदक जीता

विश्व कुश्ती चैंपियनशिप

नई दिल्ली/संचार जगत





भारतीय महिला कुश्ती ने विश्व चैंपियनशिप के मंच पर एक नया और स्वर्णिम इतिहास रच दिया है। टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबलों में देश की दो महिला पहलवानों हरियाणा के सोनीपत की काजल ढोचक और उत्तर प्रदेश की नीलम सिरोही को कड़े संघर्ष के बाद रजत पदक से संतोष करना पड़ा। भारतीय कुश्ती के इतिहास में यह पहला मौका है जब महिला वर्ग में देश ने एक ही दिन दो रजत पदक अपने नाम किए हैं। महिला 76 किग्रा वर्ग के खिताबी मुकाबले में काजल ढोचक का सामना तीन बार की यूरोपीय चैंपियन अनास्तासिया अल्पयेयेवा से हुआ। यह मुकाबला बेहद रोमांचक और संघर्षपूर्ण रहा, जिसमें काजल को अंततः 6-8 से करीबी शिकस्त का सामना करना पड़ा और उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा। दो बार की अंडर-20 विश्व चैंपियन काजल के पास भारत की पहली महिला सीनियर विश्व चैंपियन बनने का ऐतिहासिक अवसर था, मगर वे इस उपलब्धि से मामूली अंतर से चूक गईं। मुकाबले के दौरान एक समय स्कोर 4-4 की बराबरी पर था और 'क्राइटेरिया' के आधार पर काजल बढ़त बनाए हुए थीं। हालांकि, मैच समाप्त होने में महज 20 सेकंड का समय शेष रहते अल्पयेयेवा ने शानदार दांव लगाते हुए टेकडाउन किया और स्वर्ण पदक अपने नाम कर लिया। दिन के पहले रजत पदक के रूप में नीलम सिरोही ने महिला 50 किग्रा वर्ग के फाइनल में अपनी चुनौती पेश की। कड़े मुकाबले में हार के बाद उन्हें भी रजत पदक से संतोष करना पड़ा, लेकिन उनका यह सफर भी उतना ही प्रेरणादायक रहा।

40 हजार फैंस की आने की उम्मीद


ईडन पार्क में चौथे टी20 में उमड़ेगा दर्शकों का सैलाब

नई दिल्ली/संचार जगत

भारत और न्यूजीलैंड के बीच शुक्रवार को ईडन पार्क में होने वाले चौथे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच को देखने के लिए लगभग 40 हजार दर्शकों के आने की उम्मीद है, जो ऑकलैंड के इस मैदान के इतिहास में तीसरी सबसे बड़ी उपस्थिति होगी।

भारत ने पांच मैचों की श्रृंखला के पहले तीन मैच जीतकर अजेय बढ़त हासिल कर ली है। इन तीनों मैच के लिए बड़ी संख्या में दर्शक स्टेडियम में पहुंचे थे। अभिषेक शर्मा और युवा सनसनी वैभव सूर्यवंशी ने मंगलवार को वेलिंगटन में खेले गए तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में धुआंधार बल्लेबाजी का अद्भुत नमूना पेश किया, जिससे भारत ने 6 विकेट से बड़ी जीत हासिल की। अभिषेक और सूर्यवंशी ने पहले विकेट के लिए 133 रन की साझेदारी की, जिससे भारत ने 199 रन का लक्ष्य महज 13.2 ओवरों में हासिल कर लिया।

भारत और न्यूजीलैंड के बीच मुकाबला कल



रविवार को सेडन पार्क में श्रृंखला का अंतिम मैच

न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) ने कहा, 'न्यूजीलैंड और भारत के बीच शुक्रवार को ऑकलैंड में होने वाले चौथे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच के सभी टिकट बिक गए हैं और इस मैच के लिए 40 हजार से अधिक दर्शकों के ईडन पार्क पहुंचने की संभावना है।' इससे पहले हैगली ओवल में खेले गए शुरुआती दो मैचों के भी सभी टिकट बिक गए थे। रविवार को सेडन पार्क में होने वाले श्रृंखला के पांचवें और अंतिम मैच के भी सभी टिकट बिक चुके हैं।'

2019 में ईडन पार्क पहुंचे थे 36,523 दर्शक

ऑकलैंड में होने वाला मैच न्यूजीलैंड क्रिकेट के द्विपक्षीय श्रृंखला के मैचों में दर्शकों की उपस्थिति का नया रिकॉर्ड बनाएगा। इससे पहले 2019 में भारत और न्यूजीलैंड की पुरुष और महिला टीमों के बीच एक ही दिन खेले गए मैचों को देखने के लिए 36,523 दर्शक ईडन पार्क पहुंचे थे। किसी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच के लिए ईडन पार्क में इससे अधिक दर्शक केवल दो बार ही पहुंचे थे। न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका के बीच 2015 के वनडे विश्व कप के सेमीफाइनल के लिए 41,000 जबकि रिपोर्टों के अनुसार 1982 में न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेले गए वनडे मैच को देखने के लिए 42,000 दर्शक पहुंचे थे।

▶ साल भर में दूसरा बड़ा हादसा, मानवीय भूल की वजह से हुआ हादसा

स्पेन में 2 हाई-स्पीड ट्रेनों में भीषण टक्कर

68 लोगों की मौत, 544 यात्री थे सवार

मौके पर तीन हैलिकॉप्टर तैनात किए, मैड्रिड, स्यूदाद रियल और अंदालूसिया रूट पर ट्रेन सेवाएं रोकी

नई दिल्ली/संचार जगत

स्पेन में दो हाई स्पीड ट्रेनों को आपस में टक्कर हो गई, जिसमें कम से कम 68 लोगों की मौत हुई है। 100 लोग घायल हुए। रिपोर्ट के अनुसार, टक्कर के बाद दो डिब्बे पटरी से उतरकर ढलान पर पलट गए। हादसा बुधवार सुबह स्थानीय समयानुसार सुबह 9 बजे टोलेडो प्रांत के लॉस येबनेस और उर्डा शहरों के बीच हुआ।

हादसे के बाद मैड्रिड, स्यूदाद रियल और अंदालूसिया रूट पर ट्रेन सेवाएं रोक दी गई हैं। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट के हवाले से समाचार एजेंसी ने बताया कि दोनों ट्रेनें एक ही दिशा में जा रही थीं। इस दौरान एक ट्रेन दूसरी ट्रेन के पिछले हिस्से से टकरा गई।

जिससे उसकी दो बोगियां पटरी से उतर गईं। स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज ने ट्रेन हादसे के प्रति दुख जताते हुए पीड़ितों के साथ एकजुटता



जाहिर की है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में सांचेज ने लिखा कि वह टोलेडो में हुए गंभीर ट्रेन हादसे से स्तब्ध हैं। स्पेन में यह इसी साल में हुआ दूसरा बड़ा ट्रेन हादसा है।

जनवरी में भी हो चुके है 2 हादसे

साल की शुरुआत में 18 जनवरी को दक्षिणी स्पेन में दो ट्रेनें आपस में टकरा गई थीं। उस हादसे में 45 लोगों की मौत हुई थी और 170 लोग घायल हुए थे। उस समय इरियो से मैड्रिड जा रही एक ट्रेन पटरी से उतर गई थी। इसमें 300 लोग सवार थे। पटरी से उतरने के बाद यह दूसरी तरफ के ट्रैक पर आ गई थी। उसी दौरान मैड्रिड से ह्यूलवा जा रही दूसरी ट्रेन वहां से गुजरी और टक्कर हो गई। इस ट्रेन में 200 यात्री सवार थे। इसके कुछ दिनों बाद बार्सिलोना के पास एक उपनगरीय ट्रेन पटरी से उतर गई।

मृतकों की संख्या और बढ़ने की आशंका व्यक्त की जा रही है

आशंका जताई जा रही है कि मरने वालों की संख्या और बढ़ सकती है। हादसा उरडा में रेलवे स्टेशन के पास हुआ। टक्कर इतनी जोरदार थी कि आपातकालीन सेवाओं को मौके पर बुलाया गया। कास्तिया-ला मांचा की 112 आपातकालीन सेवा ने बताया कि अल्काजार दे सान हुआन और ऑर्गाज से दमकलकर्मियों को भेजा गया है। आसपास की नगरपालिकाओं से नागरिक सुरक्षा दल भी मौके पर तैनात किए हैं। इसके अलावा, तीन चिकित्सा हेलीकॉप्टर भी घटनास्थल पर भेजे गए हैं। ये दल हादसे में बचे लोगों की तलाश कर रहे हैं। साथ ही, पीड़ितों की मदद कर रहे हैं। कास्तिया-ला मांचा की क्षेत्रीय सरकार की प्रवक्ता एस्तेर पडिया के दिए आंकड़ों के अनुसार, हादसे में शामिल दोनों ट्रेनों में कुल 544 यात्री सवार थे। स्पेन के समाचार पत्र 'एल पाइस' की रिपोर्ट के अनुसार, इर्यो ट्रेन में 146 यात्री और एक बच्चा सवार था। वहीं, रेनफे ट्रेन में 397 यात्री सवार थे।

कंप्यूटर सिस्टम हुआ फेल

परिवहन मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि शुरुआती संकेतों के मुताबिक, एवीई ट्रेन इर्यो ट्रेन के पीछे से टकराई हो सकती है। इस टक्कर के कारण इर्यो ट्रेन के दो डिब्बे पटरी से उतर गए। इसके बाद वे रेलवे लाइन के किनारे बनी ढलान पर जा गिरे। दो हाई-स्पीड ट्रेनों के बीच हुई जानलेवा टक्कर के लिए कंप्यूटर सिस्टम फेल होने के बाद रेलवे ऑपरेटर की ओर से हुई संभावित मानवीय चूक को जिम्मेदार ठहराया है।



यूएई के राष्ट्रपति ने गले लगाया

कैप्टन स्मित मच्छार को मिला यूएई का सर्वोच्च सम्मान ऑर्डर ऑफ जायेद-2

कैप्टन स्मित के साथ-साथ क्रू मेंबर्स को भी किया गया सम्मानित

नई दिल्ली/संचार जगत

फ्लाईदुबई के कैप्टन मच्छार को दुबई के प्रतिष्ठित सम्मान ऑर्डर ऑफ जायद द्वितीय, फर्स्ट क्लास से सम्मानित किया, जिन्होंने आसमान में मौत को मात देकर सैकड़ों बेकसूर जिंदगियां बचाई। समारोह में जब घायल हाथ में ब्रेस पहने कैप्टन स्मित क्रू के साथ पहुंचे तो हर आंख इस असली हीरो के जुनून, समर्पण को देखकर गर्व और सम्मान से भर गई। यूएई के राष्ट्रपति शेख मो. बिन जायद अल नाहयान ने तो कैप्टन मच्छार को गले से लगा लिया।

दुबई के शासक शेख मोहम्मद बिन राशिद अल मकतूम और दोनों अमीरात के शाही परिवारों के सदस्य भी मौजूद थे। इस अवसर पर फ्लाईदुबई के कैप्टन के साथ साथ क्रू मेंबर्स को सम्मानित किया। ऑर्डर ऑफ जायेद-2 यूएई का एक प्रतिष्ठित नागरिक और सैन्य सम्मान है, जो देश और समाज के लिए असाधारण, साहसिक व उत्कृष्ट योगदान देने वाली हस्तियों को प्रदान किया जाता है। दुबई के क्राउन प्रिंस शेख हमदान बिन मोहम्मद ने क्रू सदस्यों को पदक सौंपते हुए कहा कि संकट के समय उनका साहस, जिम्मेदारी का अहसास और तुरंत निर्णय लेने की क्षमता यूएई के विमानन क्षेत्र के उच्चतम मानकों को दर्शाती है।

डॉक्टर बोले- स्मित की चोट इतनी की, हो जाते पैरालाइज

बुधवार को जब यूएई ने उन्हें सम्मानित किया तो उनके सिर में लगे टांके और घाव के निशान सिहरा देते हैं और फिर हर शख्स इस बहादुरी की दाद दिए बिना नहीं रह पाता है। बुधवार को जब यूएई में कैप्टन स्मित मछार सम्मानित किया गया तो पूरी दुनिया की नजर उनके सिर के पिछले हिस्से पर पड़े उन घावों और टांकों के निशानों पर थी, जो उस बहादुरी की कहानी बयां कर रहे थे, जिस वक्त 34 हजार फीट की ऊंचाई पर आरोपी को-पायलट ने कैप्टन स्मित मछार पर फायर एक्स से हमला किया, उस वक्त उनके सिर की हड्डी टूटकर अंदर धंस चुकी थी। सिर से खून बह रहा था और आंखों के सामने अंधेरा छाया हुआ था। हालत ऐसी थी कि उनके लिए खड़ा रह पाना भी मुश्किल था। डॉक्टरों के मुताबिक ऐसी गंभीर चोट में शरीर लगभग काम करना बंद कर देता है और कई मामलों में लोग पैरालाइज भी हो जाते हैं।

खबर संक्षेप

आजम की 426 करोड़ की संपत्ति अटैच

प्रयागराज। प्रवर्तन निदेशालय के लखनऊ जोनल ऑफिस ने सपा के वरिष्ठ नेता और उत्तर प्रदेश के



पूर्व कैबिनेट मंत्री मोहम्मद आजम खान की रामपुर स्थित मोहम्मद अली जौहर यूनिवर्सिटी की जमीन और इमारतों को अटैच करने की कार्रवाई की है। मनी लॉन्ड्रिंग केस में अटैच की गई संपत्ति की कीमत 426.46 करोड़ रुपए आंकी गई है।

फिल्म महोत्सव की अंतिम तिथि बढ़ी

नई दिल्ली। सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने 57वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव 2026 के लिए



मीडिया प्रत्यायन हेतु आवेदन करने की अंतिम तिथि बढ़ाकर 4 नवंबर कर दी है। सिनेमा की इस नई दुनिया का अनुभव करने के लिए प्रतिनिधि के रूप में पंजीकरण कर सकते हैं।प्रत्यायन पोर्टल से फार्म जमा कर सकते हैं।

नालंदा मेडिकल कॉलेज में रैगिंग, सभी सस्पेंड

नालंदा। मेडिकल कॉलेज में छात्रों पर प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। मेडिकल कॉलेज में नए एडमिशन



लेने वाले स्टूडेंट्स के साथ रैगिंग के मामले में प्रशासन ने यह कार्रवाई की है। मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने 2025 बैच के सभी 146 छात्र-छात्राओं को 3 महीने के लिए सस्पेंड कर दिया है। कॉलेज के प्रिंसिपल ने यह आदेश दिया है।

निर्दलीय विधायक उमेश ने विस से इस्तीफा दिया

गैरसैंण। उत्तराखंड के निर्दलीय विधायक उमेश कुमार ने बुधवार को विधानसभा की सदस्यता से



इस्तीफा दे दिया। हरिद्वार जिले की खानपुर सीट का प्रतिनिधित्व करने वाले कुमार ने मीडिया से कहा कि कांग्रेस के असहयोगात्मक रवैये से क्षुब्ध होकर उन्होंने यह कदम उठाया है। हमने विपक्ष (कांग्रेस) को हर मुद्दे पर सहयोग दिया।

चक्रवाती तूफान 'अर्नब' ने आंध्र प्रदेश और यानम में मचाई तबाही

आंध्र प्रदेश में 5 की मौत, 50 से ज्यादा ट्रेनें और उड़ानें रद्द, कई जगह पेड़ गिरे

तेज हवाओं और संभावित बाढ़ से निपटने के लिए उठाए जा रहे कदम

ओडिशा में सरकार ने रेड अलर्ट जारी किया

नई दिल्ली/संचार जगत

चक्रवाती तूफान 'अर्नब' ने बुधवार सुबह आंध्र प्रदेश और यानम के तटीय इलाकों में टकराना शुरू कर दिया है, जिससे वहां भारी बारिश हो रही है। भारी बारिश, तेज हवाओं और संभावित बाढ़ से निपटने के लिए आंध्र प्रदेश, ओडिशा और पश्चिम बंगाल में प्रशासन ने एहतियाती कदम तेज कर दिए हैं।मौसम विभाग ने कहा कि तूफान के केंद्र में हवा की रफ्तार 125 से 135 किमी प्रति घंटा है, जो झोंकों के साथ 150 किमी प्रति घंटा तक पहुंच रही है।

पिछले तीन घंटों में तूफान 3 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से उत्तर-पश्चिम दिशा की ओर बढ़ा है। अनुमान है कि शुरुआत में धीमी गति से उत्तर-पश्चिम की तरफ बढ़ेगा और फिर उत्तर-उत्तर-पश्चिम की ओर रुख करेगा। बुधवार तड़के अर्णब आंध्र प्रदेश के तट के पास टकराया। इस पूरी प्रक्रिया में 6 घंटे से अधिक का समय लगा। चक्रवात से जुड़ी अलग-अलग घटनाओं में 5 लोगों की मौत हो गई।



यहां भारी बारिश से बाढ़ का भी खतरा मंडरा रहा

मौसम विभाग ने भारी बारिश की चेतावनी दी

भुवनेश्वर स्थित क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र की निदेशक मनोरमा मोहंती ने बताया कि तूफान के जमीन की ओर बढ़ने के दौरान हवा की रफ्तार 60 से 70 किलोमीटर प्रति घंटे रह सकती है। हवा के झोंकों की रफ्तार 80 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंचने की आशंका है। मलकानगिरी, कोरापुट, नबरंगपुर, रायगड़ा, गजपति और कालाहांडी में बेहद भारी बारिश और रेड अलर्ट जारी किया है।

रेल मंत्री रख रहे करीबी नजर

रेल पटरियों पर 10 जगह गिरे पेड़, तेजी से हटाया गया



रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने जानकारी दी कि'अर्नब' के टकराने के बाद रेलवे नेटवर्क पर 10 जगहों पर पेड़ गिर गए थे। राहत टीमों ने तत्परता दिखाते हुए सभी स्थानों से पेड़ों को तुरंत हटाकर ट्रैक साफ कर दिया।

नायडू ने शाह से की बात

आंध्र प्रदेश के सीएमएन. चंद्रबाबू नायडू ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर



'अर्नब' से प्रभावित जिलों में एनडीआरएफ की टीमों की मदद बढ़ाने का अनुरोध किया है। केंद्र से अपील की है कि चक्रवाती तूफान से हुए जान-माल और फसलों के नुकसान का जायजा लेने के लिए केंद्रीय टीमों को जल्द से जल्द आंध्र प्रदेश भेजने को कहा है।

आंधी से उखड़े सैकड़ों पेड़-खंभे समुद्र में फंसा सल्फर से लदा मालवाहक जहाज

आंध्र प्रदेश के अंतर्वेदी के पास समुद्र में सल्फर ले जा रहा एक मालवाहक जहाज रास्ते से भटकने के बाद उथले पानी में फंस गया। यह घटना चक्रवात अर्नब के बीच सामने आई है। जहाज विशाखापत्तनम से रवाना हुआ था। बताया जा रहा है कि इंजन में खराबी आने के बाद जहाज अपना रास्ता भटक गया और अंततः अंतर्वेदी के पास समुद्र में फंस गया। संबंधित अधिकारियों के निरीक्षण के बाद जहाज की स्थिति का आकलन किया जाएगा और आगे की कार्रवाई तय की जाएगी।

झारखंड के कई जिलों में 29 अक्टूबर तक स्कूल बंद

'अर्नब'सेभारी बारिश को देखते हुए झारखंड सरकार ने कई जिलों में 29 अक्टूबर तक स्कूल बंद रखने का आदेश दिया है। रांची, पश्चिमी सिंहभूम, पूर्वी सिंहभूम और सिमडेगा जिले में बुधवार और गुरुवार को स्कूल बंद रहेंगे।

कई जिलों में भारी बारिश का अलर्ट

बंगाल की खाड़ी में उठे 'अर्नब' के प्रभाव से झारखंड में मौसम बदला है। रांची समेत कई जिलों में बुधवार सुबह से बारिश हो रही है। आईएमडी ने रांची, खूंटी, सिमडेगा, गुमला, लोहरदगा, बोकारो, सरायकेला-खरसावां और पूर्वी एवं पश्चिमी सिंहभूम जिलों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है।

संविधान देता है गारंटी: वैष्णव

डीपीडीपी प्रेस की स्वतंत्रता का उल्लंघन नहीं करता



सुप्रीम कोर्ट में 17 नवंबर को सुनवाई

नई दिल्ली/संचार जगत

इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को कहा कि डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण (डीपीडीपी) अधिनियम का कोई भी प्रावधान प्रेस की स्वतंत्रता का उल्लंघन नहीं करता है। इस कानून को लेकर मीडिया जगत में जताई जा रही व्यापक चिंताओं के बीच वैष्णव ने कहा कि संविधान में प्रेस की स्वतंत्रता की गारंटी दी गई है। उन्होंने संपादकों और मीडिया पेशेवरों को इस अधिनियम के प्रावधानों पर सरकार के साथ खुली चर्चा के लिए आमंत्रित भी किया। वैष्णव का यह बयान डिजिटल न्यूज पब्लिशर्स एसोसिएशन (डीएनपीए) द्वारा एक दिन पहले डीपीडीपी अधिनियम और इसके नियमों के कुछ प्रावधानों को उच्चतम न्यायालय में चुनौती देने के बाद आया है।

डीएनपीए 21 समाचार प्रकाशकों का प्रतिनिधित्व करता है। समाचार प्रकाशकों ने दलील दी है कि इस अधिनियम में पत्रकारिता संबंधी गतिविधियों के लिए विशेष छूट नहीं दिए जाने से खोजी पत्रकारिता प्रभावित हो सकती है और प्रेस की स्वतंत्रता के समक्ष खतरा पैदा हो सकता है। उच्चतम न्यायालय नेकेंद्र से जवाब मांगा है और अगली सुनवाई के लिए 17 नवंबर की तारीख तय की है। समाचार संस्थानों की दलील है कि व्यक्तिगत डेटा से जुड़े नोटिस, सहमति और डेटा मिटाने संबंधी प्रावधानों के कारण पत्रकारों के लिए जनहित के मुद्दों पर रिपोर्टिंग मुश्किल हो सकता है। कथित अनियमितताओं की जांच के दौरान ऐसी बाधाएं आ सकती हैं।

पत्रकारिता की स्वतंत्रता प्रभावित नहीं होगी

वैष्णव ने इन आशंकाओं पर कहा कि पत्रकारिता की स्वतंत्रता की गारंटी भारत का संविधान देता है। यह स्वतंत्रता पूर्ण रूप से उपलब्ध है। पत्रकारिता की स्वतंत्रता को प्रभावित करने की कोई मंशा भी नहीं है। इस तरह, निजता कानून पत्रकारिता की स्वतंत्रता को पूरी तरह बनाए रखता है, इसकी गारंटी संविधान देता है। उन्होंने कहा कि डिजिटल निजता का अधिकार सुनिश्चित करने वाला यह कानून उच्चतम न्यायालय के फैसले के बाद ही बनाया गया है।

प्रवासी हरियाणावासियों के शिकायत निवारण के लिए पोर्टल बनाएगी हरियाणा सरकार

सूरत में मुख्यमंत्री नायब सैनी ने की घोषणा

नई दिल्ली/संचार जगत

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के दो दिवसीय गुजरात दौरे के दौरान न केवल निवेश के अवसरों पर चर्चा हुई, बल्कि दोनों राज्यों के बीच पारस्परिक समावेश और सहयोग को मजबूत बनाने पर विशेष बल दिया गया। दौरे के दौरान मुख्यमंत्री सैनी ने सूरत और अहमदाबाद दोनों शहरों में प्रवासी हरियाणावासियों से मुलाकात की। इन बैठकों में प्रवासियों ने अपनी उपलब्धियों के साथ-साथ विभिन्न समस्याओं और अपेक्षाओं को भी साझा किया।

मुख्यमंत्री ने प्रवासी समुदाय की भावनाओं को समझते हुए कहा कि हरियाणा सरकार उनके हितों की रक्षा और सुविधाओं के विस्तार के लिए प्रतिबद्ध है। सूरत में मुख्यमंत्री ने महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए कहा कि प्रवासी हरियाणावासियों की शिकायतों के शीघ्र और प्रभावी निवारण के लिए एक समर्पित पोर्टल बनाया जाएगा। इस पोर्टल के माध्यम से प्रवासी अपनी समस्याएं दर्ज करा सकेंगे और उनका समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। यह कदम प्रवासी समुदाय को सरकार से और अधिक जोड़ने वाला साबित होगा। इसके साथ ही, महाराष्ट्र में हरियाणा



भवन की तर्ज पर अब गुजरात में भी हरियाणा भवन बनाने की दिशा में ठोस कदम बढ़ाए गए हैं। यह भवन प्रवासी हरियाणावासियों के लिए सांस्कृतिक, सामाजिक और प्रशासनिक गतिविधियों का केंद्र बनेगा तथा दोनों राज्यों के बीच सांस्कृतिक सेतु का काम करेगा।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जोर दिया कि गुजरात और हरियाणा के बीच सहयोग केवल आर्थिक निवेश तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि सामाजिक, सांस्कृतिक और मानवीय आयामों को भी मजबूत किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जन्मभूमि से शुरू हुई यह साझेदारी हरियाणा की विकास गाथा को नई ऊंचाइयों तक ले जाने वाली साबित होगी।

मंत्रिमंडल ने कंटेनर विनिर्माण प्रोत्साहन योजना को मंजूरी दी

10,000 करोड़ रुपए के आवंटन वाली योजना को केंद्र सरकार ने स्वीकृति दी

कंटेनर के आयात पर निर्भरता घटेगी व आपूर्ति मजबूत होगी

वैष्णव ने कहा-केंद्रीय बजट में की गई थी घोषणा

नई दिल्ली/संचार जगत

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को देश में वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी कंटेनर विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र तैयार करने के लिए 10,000 करोड़ के आवंटन वाली 'कंटेनर विनिर्माण प्रोत्साहन योजना' को मंजूरी दी। यह योजना वित्त वर्ष 2039-40 तक लागू रहेगी। योजना का उद्देश्य कंटेनर के आयात पर निर्भरता कम करना और आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करना है। इसके तहत नई



विनिर्माण इकाइयों की स्थापना और मौजूदा इकाइयों की क्षमता बढ़ाने में सहायता दी जाएगी। देश में कंटेनर के विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए इस योजना की घोषणा केंद्रीय बजट 2026-27 में की गई थी।

योजना वित्त वर्ष 2039-40 तक लागू रहेगी

सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा मंत्रिमंडल की बैठक में कंटेनर विनिर्माण प्रोत्साहन योजना को मंजूरी दी गई है। यह योजना 2039-40 तक लागू रहेगी। योजना के तहत पात्र विनिर्माताओं को ब्याज सब्सिडी, परिचालन व्यय सहायता, परीक्षण प्रमाणन सहायता तथा भूमि पट्टे पर लेने के लिए सहायता दी जाएगी।

स्वामित्व, प्रकाशक एवं संपादक : अवंतिका राठौड़ - पी.के. प्रिंटर्स एंड स्टेशनर्स, 31, राम मंदिर के पास, पटेल नगर, 22 गोदाम, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। कार्यालय : जे-17, रमेश मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर। संपर्क : 0141 463 7668
ई-मेल : sancharjagat@gmail.com| आरएनआई नं. : RAJHIN/2014/55262 समाचार चयन के लिए पीआरबी अधिनियम के तहत जिम्मेदार। न्यायाधिकार क्षेत्र : जयपुर महानगर।